## कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य

**सिवानी मंडी/मनोहर लाल असीजा : सिवानी** थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि कावड़ लाने से पहले श्रद्धालु उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी एक पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है । उन्होंने कहा कि एस पी भिवानी ने आदेश जारी किए है बिना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के कोई भी श्रद्धाल कावड़ लाने ना जाए।

# किसानों ने की गांव बालसमंद में चल रहा धरना समाप्त करने की घोषणा

### डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने मुआवजा राशि किसानों के खातों में भेजे जाने का किया वायदा




धरना स्थल पर किसानों से बातचीत करते हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा।

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**हिसार/सुखविन्दर कौर :** फसल मुआवजे को लेकर 64 दिन से गांव बालसमंद में चल रहा किसानों का धरना समाप्त किए जाने की घोषणा की गई है। इस संबंध में धरना स्थल पर पहुंचे डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने 10 दिन में मुआवजा राशि क्षेत्र के किसानों के खातों में भेजे जाने का भरोसा दिया, जिसके बाद धरनारत किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त करने की बात कही। धरना की अगुवाई कर रहे सुरेंद्र आर्य ने किसानों की पैरवी के लिए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा का आभार जताते हुए कहा कि कुछ दिन पहले किसानों का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा से मिला था और उनसे इस मसले पर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने चंडीगढ़ में बैठे आलाधिकारियों से वार्ता की। अब उन्हें मुआवजा राशि दिए जाने का निर्णय हुआ है। धरना स्थल पर अपने संबोधन में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि नलवा हलका उनका परिवार है। उनका स्वयं का इसी क्षेत्र में खेतीबाड़ी का कार्य है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगों पर सहानुभूति रखते हुए उच्च अधिकारियों से बात की और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी पूरे मामले की जानकारी दी। पूरी बातचीत के बाद आज वे सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर धरना स्थल पर पहुंचे हैं। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि खरीफ-2020 फसल के मुआवजे को लेकर अधिकारियों ने जल्द क्षेत्र के किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाले जाने की बात कही है।

उन्हें पूरी उम्मीद है कि 10 दिनों के अंदर मुआवजा राशि किसानों के खातों में डाल दी जाएगी। किसानों पर दर्ज मुकदमों के संबंध में उन्होंने कहा कि इस बारे में पुलिस अधिकारियों से बातचीत हुई है और कानूनी प्रक्रिया के तहत इसको लेकर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने को लेकर पूर्ण रूप से प्रतिद्धि है और इस दिशा में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

# 20 साल पहले चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा अढ़ाई एकड़ जमीन हरियाणा विधानसभा एनेक्सी के लिए अलॉट हुई थीः यादव

### हरियाणा सरकार ने पैसे की अदायगी नहीं की तो जमीन कैंसिल हुई



**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**चंद्रशेखर धरणी/चंडीगढ़ :** हरियाणा विधानसभा से राम नारायण यादव एडीशनल सेक्रेटरी के पद से रिटायर हुए थे,पहले पंजाब के एडवाइजर भी रहे। उन्होंने बताया कि 20 साल पहले 2003 में चंडीगढ़ के सेक्टर 9 में हरियाणा विधानसभा के लिए ढाई एकड़ जमीन हरियाणा को एलॉट की गई थी। हरियाणा सरकार ने पैसे की अदायगी नहीं की तो जमीन कैंसिल हुई थी।

यादव बताते हैं कि हाल की विधानसभा इमारत में दोनों विधानसभाओं को जगह की कमी तो है इसी लिए हमारे यह प्रयास रहते थे की अपनी नई बिल्डिंग हो ज्यादा स्पेस मिले। इस लिए 2003 में यूटी एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मिलकर स्कीम बनाई तब सेक्टर 9 में ढाई एकड़ मेन रोड के ऊपर यूटी ऑफिस के पास प्लॉट देने को राजी थे। डिजाइन अप्रूव हो गया था फिर हमें कहा गया कि आप उसके पैसे जमा कराइए हम एलॉट करने को तैयार हैं। फिर कुछ एडमिनिस्ट्रेशन प्रॉब्लम आ गई फिर हम उसको परचेंज नहीं कर पाए। यादव ने बताया कि हम पैसे जमा नहीं करा पाए कुछ और भी बातें हैं जिस पर मैं नहीं जाना चाहूंगा। उन्होंने विस्तार से बताया इस इमारत में क्या-क्या ऑफिस खोलें जाने वाले थे। मुख्यमंत्री दफ्तर, मुख्य सचिव दफ्तर, स्पीकर ऑफिस, सेक्रेटरी ऑफिस और पार्लियमेंट्री फंक्शनिंग के सारे ऑफिस इसके साथ नेता प्रतिपक्ष का दफ्तर भी प्रस्तावित था। उन्होंने बताया इसमें प्रेस के लिए हाल के साथ ही बड़ा हॉल चर्चा की लिए होना था जिसमे विधानसभा की कॉन्फ्रेंस हो सके। 500 से 600 की पार्किंग युक्त तीन से चार फ्लोर की इस बिल्डिंग में सभी कमेटियों के रूम और सभी चेयरमैनो के लिए अलग दफ्तर के साथ अलग कैंटीन की भी व्यवस्था होनी थी। यादव कहते हैं कि अब स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने जो प्रयास किए हैं वह बहुत अच्छे हैं बहुत जरूरी है डेमोक्रेसी के लिए जो जनसेवक होते हैं यहां मेंबर आते हैं चेयरमैन आते हैं उनको नहीं पता कि कहां बैठना है उनकी दो कमेटियां हैं तो वे इधर-उधर बैठते हैं। जब उनके पास अपना रूम होगा अपने ऑफिस होगा तो एजेंडे पर बात करेंगे। विधानसभा की जो पुरानी इमारत है वह 1956 की बनी हुई है जो काफी पुरानी भी हो चुकी है इस बिल्डिंग पर तो हमारा कंट्रोल रहेगा ही नई इमारत से जनता को सुविधा होगी। यादव बताते है कि ऐसा नहीं है कि पहली बार केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार आई है ऐसा पहले भी हो चुका है लेकिन जितनी अचीवमेंट इस सरकार में हुई है पहले कभी नहीं हुई। इसका सारा श्रेय स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता को ही जाता है उन्होंने पार्लियामेंट्री रिफॉर्म्स में भी काम शुरू कर दिया है मुख्यमंत्री भी उनको सपोर्ट करते हैं गृह मंत्री ने भी उनको हरी झंडी दी है उन्हे ऊपर तक सपोर्ट मिल रही है तो फिर पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रहे हैं। जिसका परिणाम भी दिखने लगा है। मैं उम्मीद करूंगा स्पीकर दूसरे प्रदेशों की विधानसभा को देखकर या विदेशों में टीम भेजकर एक अच्छी बिल्डिंग का निर्माण कराएंगे।

## इनेलो को बड़ा झटका, डिप्टी मेयर रहे रामपाल कांग्रेस में शामिल




**यमुनानगर/वीरेंद्र मेहता :** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के डिप्टी मेयर रहे रामपाल ने इनेलो छोड़कर कॉन्ग्रेस ज्वाइन कर ली। दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेत्री कुमारी सैलजा के नेतृत्व में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिले में इनेलो को यह बड़ा झटका है। क्योंकि लंबे समय से रामपाल इनेलो पार्टी से जुड़े हुए थे। बता दें कि रामपाल पूर्व में इनेलो पार्टी से सांसद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। इसके अलावा चार बार पार्षद और एक बार उप चेयरमैन भी रहे। इस मौके पर रामपाल ने कहा कि वह काफी समय से इनेलो में घुटन महसूस कर रहे थे। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा की नीतियों से काफी प्रभावित हैं। जिसके चलते उन्होंने यह निर्णय लिया। जिले में कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती दे ना ही अब उनकी प्राथमिकता रहेगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में रामपाल को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी व कांग्रेस पार्टी से पार्षद निर्मल चौहान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निर्मल चौहान ने कहा कि रामपाल के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## गुरु पूर्णिमा पर भजन कीर्तन व भंडारा आयोजित



**पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा :** गुरु पूर्णिमा उपलक्ष्य में प्राची तीर्थ स्थित शिव भजनानंद आश्रम में महंत शांतानंद के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में सत्संग का आयोजन हुआ,इसके अलावा भजन कीर्तन तथा भंडारे भी किया गया। महंत शांतानंद ने श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते हुए कहा कि गुरु का दर्जा भी भगवान के समान माना गया है। गुरु के बिना इंसान अधूरा रहता है। कबीर दास ने कहा गुरु की महिमा का वर्णन किया, गुरु गोविंद दोऊ खड़े,काके लागू पाय,बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियो मिलाय। सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर युधिष्ठर बहल, सचिन मित्तल,बंटी दीवाना व जगदीश गौड़ सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

## माता-पिता से बड़ा कोई गुरु नहीं : ऋषिपाल



**रादौर/जसवंत :** गुरु रविदास सभा की ओर से गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में शहर के डॉ. भीमराव अंबेडकर नगर में हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ऋषिपाल नंबरदार ने कहा कि बच्चे के पहले गुरु माता-पिता ही होते हैं। माता-पिता से बड़ा कोई गुरु नहीं है। माता-पिता की बच्चे को संस्कार सिखाते हैं। मनुष्य को पग-पग पर गुरु की आवश्यकता होती है। इसलिए कभी भी माता-पिता का दिल नहीं दुखाना चाहिए। इस अवसर पर भगत मदनदास, सत्यजीत, हरनेक सिंह, रामकुमार, धर्मवीर, बलवंत, सचिन सिंघल, सतपाल, राजपाल, ओमप्रकाश, मदनलाल, विक्रम, सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश में लगातार बढ़ रहा क्राइम का ग्राफ : रणबीर शर्मा



**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** राष्ट्रीय लोक स्वराज पार्टी के अध्यक्ष व हरियाणा के पूर्व आईजी रणबीर सिंह शर्मा ने कहा है कि आज हरियाणा गुंडागर्दी का अड्डा बन गया है। प्रदेश में आए दिन गैंगस्टर घटना को अंजाम देकर भाग जाते हैं लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। गुरुवार को रणबीर सिंह शर्मा नीलकंठ यात्री निवास में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ युवा प्रधान आशीष शर्मा, महिला जिलाप्रधान प्रेम सरदाना, जिला युवा प्रधान अमन एबली, थानेसर युवा प्रधान रविंद्र, केयू कर्मचारी प्रधान महेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे। पूर्व आईजी ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था जीरो हो चली है। इसके लिए सबसे बडी जिम्मेवार सरकार है। युवा वर्ग गलत दिशा में जा रहे हैं जिससे क्राईम लगातार बढ़ रहा है। रणबीर शर्मा ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर प्रदेश न संभलने की बात करते हुए कहा कि प्रदेश को हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को इस्तीफा देना चाहिए। रणबीर शर्मा ने ऐलान किया कि राष्ट्रीय लोकस्वराज पार्टी प्रदेश के युवाओं को रोजगार व जनता को सुरक्षा की गारंटी देगी।

## बिजली गुल, लोग परेशान

**समालखा/अशोक शर्मा :** हरियाणा सरकार यूं तो प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने का दावा करती है लेकिन हकीकत इससे अलग है। पिछले 3 दिनों से गांधी कॉलोनी,पटवार खाना के पास लाईट ना होने से पटवारखाना के आसपास के 60-70 घरों में अंधेरा छाया हुआ है। जिससे कालोनी वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस समय गर्मी के तेवर भी हाई हैं।पारा 40 डिग्री के पार है ऐसे में गांधी कालोनी के लोगों को बिजली न होने के चलते पीने के पानी के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों के फ्रिज,एसी, वॉशिग इनवर्टर ठप्प पड़े हैं। कालोनी वासी यशापाल, तिलकराज, सत्यपाल, विजेन्द्र, प्रताप, रणधीर, सुशीला, सारिका, आरती आदि ने बताया कि पिछले तीन दिनों से हमारी बिजली खराब चल रही है। अधिकारियों को सूचना देनें के बाद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बिजली अधिकारियों से फरियाद कि है उनकी समस्या का जल्द हल करवाया जाए।जेई राजेन्द्र ने कहा कि आप इसकी शिकायत एसडीओ को कर दे। लोगों की समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

# अग्रवाल सभा के प्रधान के माता-पिता की स्मृति में श्रीमद् भागवतकथा 16 अगस्त से



**तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा :** शिव शक्ति इंटर गलोब प्राइवेट लिमिटेड के मालिक एवं अग्रवाल सभा तरावड़ी के प्रधान रमेश गुप्ता की ओर से अपने माता-पिता की स्मृति में नई अनाज मंडी तरावड़ी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुये शिव शक्ति इंटर गलोब प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी व अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने कहा कि भारत ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय लाला पन्नालाल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय भागवती गुप्ता की याद व आर्शीवाद से श्रीमद् भागवत कथा व विशाल अखंड भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सुप्रसिद्ध मुख्य कथावाचक विश्वविख्यात आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी वृंदावन वाले अपनी मधुर वाणी से भागवत कथा करेंगे। इस कथा का आयोजन 16 अगस्त से 22 अगस्त तक नई अनाज मंडी तरावड़ी मे होगा। रमेश गुप्ता ने शहर के लोगों से इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर भगवान श्री कृष्ण जी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

## बच्चों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा बेहद जरूरीः बड़ौली



**सोनीपत/सैनी :** 20वां मील स्थित एक्सीलेंट कम्प्यूटर एजुकेशन एंड इंस्टीटयूट सेंटर द्वारा बुधवार को वार्षिक प्रमाण पत्र वितरित समारोह का आयोजन किया गया। राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए समारोह का शुभारंभ किया। विधायक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज कम्प्यूटर तकनीक का युग है। आज सामाजिक जीवन मे मनुष्य द्वारा किया जाने वाला कोई कार्य ऐसा नही है जो कम्प्यूटर तकनीक से न जुड़ा हो। अतत्न विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने व अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कम्प्यूटर तकनीक का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

## जिला स्तरीय सब जूनियर ग्रेपलिंग रेसलिंग चौंपियनशिप आयोजित



**हिसार/सुखविन्दर कौर :** जिला स्तरीय दूसरी सब जूनियर ग्रेपलिंग रेसलिंग चौंपियनशिप का आयोजन चौधरी बजे सिंह कुश्ती अखाड़ा डाबड़ा में किया गया जिसमें ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ हिसार के अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा लूदास बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और ग्रैपलिंग पहलवानों को आशीर्वाद दिया। जिला महासचिव रण सिंह पंवार ने बताया इस प्रतियोगिता में 60 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय चौंपियनशिप जोकि 23- 24 जुलाई को केडी इंटरनेशनल स्कूल खरखोदा सोनीपत की जाएगी में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी 19-20- 21 अगस्त 2022 को देहरादून उत्तराखंड में होने जा रही नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में बृजेंद्र शर्मा हेड कोच बहादुरगढ़ पूजा रानी टेक्निकल डायरेक्टर झज्जर ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर चौधरी बजे सिंह कुश्ती अखाड़ा डाबड़ा के संचालक राहुल बेरवाल सुरेंद्र पूनिया, भारत भूषण ,राजेश कुमार, नरेश लेगा, सुखबीर पहलवान, रिंकू पहलवान, अमन पहलवान, राममेहर डांडा इत्यादि मौजूद थे।

# मोटरसाईकिल चोरी के 3 अलग अलग मामलों में 4 आरोपी काबू

**कैथल/मोहित गुलाटी :** **बाईक** चोरी के अलग अलग 3 मामलों में 4 आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता प्रदीप नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना ढांड पुलिस के एएसआई जोगिंद्र व एचसी गुलाब सिंह की टीम द्वारा बाईक चोरी के 2 मामलों में वांछित आरोपी खुशीराम निवासी राहडा जिला करनाल व हरविंद्र सिंह निवासी बिलोणा जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया गया। विदित रहे कि उपरोक्त दोनों आरोपियों पर थाना ढांड क्षेत्र से अलग अलग मामलों में दो बाईक चोरी करने का आरोप है। उपरोक्त मामलों की दोनो बाईक पहले ही करनाल पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एक अन्य बाईक चोरी के मामले में चौकी पूंडरी पुलिस के एएसआई सुरेश कुमार आरोपी जोनी व रोहित उर्फ चिल्लू दोनों निवासी राजौंद को विधि अनुसार गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि निसिंग जिला करनाल निवासी शुभम की शिकायत पर थाना पूंडरी में दर्ज मामले अनुसार 20 जून को पूंडरी स्थित एक लाईब्रेरी के बाहर से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाईक चुरा ले गए थे। उपरोक्त मामले की बाईक पहले ही असंध जिला करनाल पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी है। दोनो आरोपी पहले ही जिला जेल में बंद थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडेक्सन वारंट जारी करवाए गए थे।

## ढाबे पर खड़ी कार का शीशा तोड़ नकदी, ज्वैलरी, लैपटॉप चुराया

**घरौंडा/विवेक राणा :** कोहंड धर्म ढाबे पर चाय पी रहे दंपति की कार का शीशा तोड़कर नकदी, ज्वैलरी व कीमती सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित दंपति ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी को भी खंगाल रही है। फरीदाबाद निवासी मोहन शर्मा पुत्र स्वीर्य लेख राम शास्त्री अपनी पत्नी के साथ शिमला शादी समारोह में गया हुआ था। बुधवार की शाम वह फरीदाबाद लौट रहा था। करीब शाम सात बजे वह कोहंड स्थित धर्म ढाबे पर चाय पीने के लिए रूका। जहां पर एक गाड़ी आती है और गाड़ी से एक युवक उतरता है और गाड़ी का शीशा तोड़कर कार में रखा लेडिज पर्स, लैपटॉप, मोबाइल फोन लेकर फरार हो जाता है।

# प्रभातफेरी में श्री कृष्ण के भजनों पर झूमे भक्तजन



**शाहाबाद/स्वामी :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म कृष्णा मंदिर सभा द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में वीरवार की प्रभातफेरी का आयोजन एडवोकेट आरडी गुप्ता व पार्षद आरती गुप्ता व अमित गुप्ता के निवास पर किया गया। कृष्ण भक्तों ने पुष्पवर्षा से प्रभातफेरी का स्वागत किया। भजन मंडली में प्रदीप करावा, राजिंद्र सचदेवा, त्रिलोक आहुजा, वेद गगनेजा, रवि शर्मा, सागर कोहली, संजीव सचदेवा, गिरीश आनंद, शिवम नारंग व प्रिंस सचदेवा, सुशील शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए। अवशीष शर्मा द्वारा गाए मेरे दिल की दुनिया है तेरे हवाले ओ मुरली वाले भजन पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर सभा की ओर से विधायक रामकरण काला, नगरपालिका प्रधान गुलशन कवातरा, पार्षद राजेश उप्पल, सुदर्शन कक्कड़, राज सतीजा, राजू चावला ने आयोजक परिवार को स्मृति स्मृति चिंह भेंट किया। विधायक रामकरण काला ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

## सिरसा के मंदिरों में उमड़े शिव भक्त

**सिरसा/तिवाड़ी :** भूतनाथ भगवान शिव भोले की पूजा , आराधना, उपासना, भक्ति को समर्पित श्रावण मास यानी सावन का महीना आज शुरू हुआ। पहले दिन ही सिरसा के मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में भक्तों ने शिवलिंग का दूध व जल से अभिषेक किया। शिवलिंग पर दूध, दही, शहद, विल्ब पत्र, पुष्प, आक धतूरा अर्पित की। अपनी मनोकामनाएं शिव चरणों में लगाईं।

श्री तारकेश्वर धाम के पुजारी सुभाष चंद्र ने बताया कि भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर फल देने वाले हैं। सावन के महीने में भगवान का रूद्राभिषेक होता है। शिव की प्रसन्नता के लिए भक्त जन पूरा महीना पूजा अर्चना करते हैं।

# शाहाबाद लाडवा व बराड़ा पुल के नीचे बनेंगे आधुनिक शौचालय



आधुनिक टॉयलट के शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बातचीत करते विधायक व नपा प्रधान।

**शाहाबाद/स्वामी :** शाहाबाद के लाडवा व बराड़ा पुल के नीचे 98 लाख की कीमत से दो आधुनिक शौचालय बनाए जाएंगे। जिसका शिलान्यास विधायक रामकरण काला और नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा ने टक लगाकर किया। शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले नये नपा प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा व विधायक रामकरण काला ने शहर की जनता को बड़ी सौगात दी है। पत्रकारों से बातचीत में विधायक रामकरण काला ने कहा कि शाहाबाद के बराड़ा व लाडवा पुल के नीचे व आस-पास शौचालय न होने के कारण जनता को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता था और पिछले काफी समय से जनता इन दोनों पुलों के नीचे शौचालय निर्माण की मांग कर रही थी। विधायक रामकरण ने कहा कि इन पुलों के नीचे शौचालय निर्माण करने की रूपरेखा नपा चुनावों से पहले तैयार कर ली थी लेकिन इनका शिलान्यास नये प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा से करवाना उनका लक्ष्य था। विधायक रामकरण काला ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के लाईसेंस रद्द किये जाएंगे। डा. गुलशन कवात्तरा ने कहा कि जनता के टेक्स का एक-एक पैसा शाहाबाद के विकास पर खर्च होगा। डा. गुलशन कवात्तरा ने कहा कि विधायक रामकरण काला के नेतृत्व में 21 सदस्यी सहायक कमेटी का गठन किया जाएगा और यह कमेटी नगर में चल रहे विकास कार्यों पर निगरानी रखेगी। नपा जेई दयानंद धीमान ने जानकारी दी कि आधुनिक शौचालय के निर्माण पर करीब 98 लाख की राशि खर्च आएगी और करीब 120 दिनों में यह दोनों शौचालय बनकर तैयार हो जाएंगे।

ICICI Home Finance

**कॉर्पोरेट कार्यालयः** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
**शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, गुड़गांव-सैक्टर 29 द्वितीय मंजिल, एससीओ-319, सैक्टर-29, गुड़गांव हरियाणा-122001

**( नियम 8 ( 6 ) का परंतुक देखें )**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा फिजीकल कब्जा **'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. | ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ परिचित बाधा यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | दलीप कुमार (ऋणदाता) सुषमा (सह-ऋणदाता) ऋण खाता संख्या NHRWI00000836477 | सम्पत्ति मकान नं. 3751, मोहल्ला बाला सराय रेवाड़ी हरियाणा 123505 में स्थित। | रु. 51,32,054/- (जैसे 09 जुलाई, 2022 तक) | रु. 27,00,000/- / रु. 2,70,000/- | 25 जुलाई 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 30 जुलाई 2022 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट ( **यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **29 जुलाई 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, गुड़गांव सैक्टर 29 द्वितीय मंजिल, एससीओ-319, सैक्टर-29, गुड़गांव हरियाणा-120001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **29 जुलाई 2022 सांय 4.00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, गुड़गांव सैक्टर 29 द्वितीय मंजिल, एससीओ-319, सैक्टर-29, गुड़गांव हरियाणा-120001** पर **29 जुलाई 2022 सांय 5 बजे** से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेडी'** के पक्ष में **गुड़गांव** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृप्या **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या **7021072869** पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

**तिथिः जुलाई 15, 2022**
**स्थानः गुड़गांव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**